एकेटीयू: डिफेंस कॉरिडोर और स्टडी से जुड़े कोर्स शुरू होंगे

■ राज्यपाल ने डिफेंस कॉरिडोर के बाबत कोर्स प्लान करने को कहा

लखनऊ, संवाददाता। एकेटीयू अब डिफेंस कॉरिडोर के मद्देनजर पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी में है। जबकि पहले से संचालित पाठ्यक्रमों में प्रश्न पत्र और विषय के रूप में शामिल करने की योजना है।

प्रदेश के बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण जारी है। लिहाजा यहां कई फैक्ट्रियां भी लगेंगी। इससे रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल आनंदीबेल पटेल ने एकेटीयू को डिफेंस कॉरिडोर के मद्देनजर रोजगारपरक नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए कहा है। लिहाजा कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने डिफेंस कॉरिडोर और डिफेंस स्टडी से संबंधित कोर्स शुरू करने का खाका तैयार करेगा। विश्वविद्यालय में बीटेक, एमटेक और पीएचडी में डिफेंस कॉरिडोर को ध्यान में रखकर कोई प्रश्न पत्र और विषय को शामिल किया जाएगा।

बता दें कि एकेटीयू प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के जरिए करने की योजना तैयार कर रहा है।